# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2013

## हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा X

समय : 3 घण्टा ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश**– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए (5 × 5 = 25) एक-एक अंक निर्धारित है।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के लिये आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए**— 1 × 5 = 5

(i) गिरिधर द्वारा प्रयुक्त छंद .......... है। *(दोहा/कुंडलिया)*

(ii) .......... में लोक संस्कृति का जन्म हुआ। *(शहरों/ग्रामों)*

(iii) अमरकंटक की केन्द्रीय सत्ता तो .......... है। *(नर्मदा/चंबल)*

(iv) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार .......... हैं। *(आठ/छः)*

(v) कामायनी .......... है। *(महाकाव्य/खण्डकाव्य)*

उत्तर—(i) कुंडलिया, (ii) ग्रामों, (iii) नर्मदा, (iv) आठ, (v) महाकाव्य।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए**— 1 × 5 = 5

**(i) सूर के पदों की भाषा है**—

(क) ब्रज, (ख) अवधी, (ग) हिन्दी, (घ) बुंदेलखंडी।

**(ii) किसान के हाथ-पैर किसे कहा गया है ?**

(क) गाय, (ख) भैंस, (ग) बैल, (घ) बकरी।

**(iii) हिन्दी साहित्य में प्रेमचन्द .............. सम्राट के नाम से जाने जाते हैं।**

(क) कहानी, (ख) उपन्यास, (ग) निबन्ध, (घ) नाटक।

**(iv) किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं ?**

(क) द्वन्द्व, (ख) द्विगु, (ग) बहुव्रीहि, (घ) तत्पुरुष।

**(v) सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है**—

(क) कामायनी, (ख) रामचरितमानस,

(ग) साकेत, (घ) पद्मावत।

उत्तर—(i) (क), (ii) (ग), (iii) (ख), (iv) (क), (v) (ख)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य छाँटिए**— 1 × 5 = 5

(i) बालक राम चन्द्रमा को माँगने की हठ करते हैं।

(ii) महाजन का नाम ज्वालाप्रसाद था।

(iii) माई की बगिया पहाड़ी ढलान पर है।

(iv) पुनर्जन्म में व्यंजन संधि है।

(v) अस्थिर मनोविकारों को स्थायी भाव कहते हैं।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए**— 1 × 5 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) पथ की पहचान | (क) कठिन कार्य |
| (ii) बैल की बिक्री | (ख) ठेकेदार |

https://www.evidyarthi.in/

| | |
|---|---|
| (iii) साकेत | (ग) डॉ. हरिवंशराय बच्चन |
| (iv) ठेका लेने वाला | (घ) सियारामशरण गुप्त |
| (v) टेढ़ी खीर | (ङ) मैथिलीशरण गुप्त |

उत्तर—(i) → (ग), (ii) → (घ), (iii) → (ङ), (iv) → (ख), (v) → (क)।

**प्रश्न 5. एक शब्द *अथवा* एक वाक्य में उत्तर दीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

(ii) गीता शास्त्र के महान उपदेशक कौन हैं ?

(iii) हवा से भी तेज चलने वाला कौन है ?

(iv) नायक के सम्पूर्ण जीवन का चित्रण किस काव्य में होता है ?

(v) संचारी भावों की संख्या कितनी है ?

उत्तर—(i) पथ की पहचान, (ii) भगवान श्रीकृष्ण, (iii) मन, (iv) महाकाव्य, (v) तैंतीस।

**प्रश्न 6.** गूँगा फल के स्वाद का अनुभव किस तरह करता है ? 4

***अथवा***

'चरैवेति' कविता में कवि ने लोगों को क्या सलाह दी है ?

**प्रश्न 7.** बिना विचारे काम करने से क्या हानि होती है ? 4

***अथवा***

'तृप्ति' कविता के माध्यम से कवि ने किस विसंगति को उजागर किया है ?

**प्रश्न 8.** रीतिकाल के कोई **चार** कवि एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए। 4

***अथवा***

प्रगतिवादी काव्य की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 9.** नाटक एवं एकांकी में कोई **चार** अन्तर लिखिए। 4

***अथवा***

भारतेन्दु युग के निबन्धों की कोई **चार** विशिष्टताएँ लिखिए।

**प्रश्न 10.** पंचभूत और पंचगव्य में क्या अन्तर है ? 4

***अथवा***

ललित कलाओं का ग्राम्य जीवन में क्या महत्व है ?

**प्रश्न 11.** स्वामी विवेकानन्द से निवेदिता की मुलाकात कब, कहाँ और कैसे हुई ? स्पष्ट कीजिए। 5

***अथवा***

ज्ञान और दीपक में परस्पर क्या सम्बन्ध है ?

**प्रश्न 12.** अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 5

***अथवा***

गीतिका छंद के लक्षण लिखते हुए उदाहरण दीजिए।

**प्रश्न 13. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई तीन)—** 3

(क) श्रीगणेश करना, (ख) आग बबूला होना, (ग) चकमा देना, (घ) फूला न समाना।

**(ब) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए—** 2

(क) मैं खेती के बारे में अधिक जानता हूँ। (*निषेधात्मक वाक्य*)

(ख) बादल समय पर पानी नहीं देते हैं। (*विधानवाचक वाक्य*)

***अथवा***

**(अ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए (कोई तीन)—**

(क) पराधीन, (ख) निरक्षर, (ग) हिमालय, (घ) वागीश।

**(ब)** आज्ञावाचक वाक्य किसे कहते हैं ? उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 14. प्रेमचन्द *अथवा* वासुदेवशरण अग्रवाल का साहित्यिक-परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए—** 5

(क) दो रचनाएँ, (ख) भाषा-शैली, (ग) साहित्य में स्थान।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 15.** तुलसीदास *अथवा* रामधारी सिंह 'दिनकर' की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए— **5**

(क) दो रचनाएँ, (ख) भावपक्ष-कलापक्ष, (ग) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ, प्रसंग सहित लिखिए— 5**

आधुनिकता 'संप्रदाय' का विरोध करती है, क्योंकि आधुनिकता गतिशील प्रक्रिया है, 'संप्रदाय' स्थिति संरक्षक। परन्तु परम्परा से आधुनिकता का वैसा विरोध नहीं होता। दोनों ही गतिशील प्रक्रियाएँ हैं। दोनों में अन्तर केवल यह है कि परम्परा यात्रा के बीच पड़ा हुआ अन्तिम चरण है, जबकि आधुनिकता आगे बढ़ा हुआ गतिशील कदम है।

***अथवा***

ईश्वर ने उसके स्वच्छंद विचरण के पथ में एक सुविधा और कर रखी थी। घर वालों के साथ उसका वही सम्बन्ध जान पड़ता था, जो खेती के साथ उन बादलों का होता है जिनके दर्शन ही नहीं होते। यदि कभी होते भी हैं तो आए हुए धान्य को सड़ा देने के लिए।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ, प्रसंग सहित लिखिए— 5**

*कबहूँ ससि माँगत आरि करैं, कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं।*
*कबहूँ करताल बजाइकै नाचत, मातु सबै मन-मोद भरैं।*
*कबहूँ रिसिआइ कहैं हठिकैं, पुनि लेत सोई जेहि लागि अरैं।*
*अवधेस के बालक चारि सदा, तुलसी मन-मन्दिर में बिहरैं।*

***अथवा***

*भर रही कोकिला इधर तान,*
*मारू बाजे पर उधर गान,*
*है रंग और रण का विधान,*
*मिलने आए हैं आदि-अंत,*
*वीरों का कैसा हो बसंत ?*

**प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसका उचित शीर्षक व सारांश लिखिए— 5**

कई लोग समझते हैं कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है, किन्तु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिन नहीं जाती, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम लोग स्वतन्त्र हैं, हमें बायीं तरफ से चलना चाहिए किन्तु चाहें तो हम बीच में भी चल सकते हैं। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते हैं, दूसरों की स्वतंत्रता भी छीनते हैं। विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता हैं। उन्हें अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए जिससे वे भारत के सच्चे सपूत कहला सकें।

**प्रश्न 19.** वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को एक बधाई-पत्र लिखिए। **5**

***अथवा***

पिताजी के स्थानान्तरण के कारण अपनी शाला के प्राचार्य को शाला-त्याग प्रमाण-पत्र देने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए।

**प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए— 10**

(i) जीवन में कम्प्यूटर का महत्त्व, (ii) समाचार-पत्रों की उपयोगिता, (iii) बिन पानी सब सून, (iv) विद्यार्थी और अनुशासन, (v) वृक्षारोपण एवं मानव।

https://www.evidyarthi.in/